Seventeenth Loksabha

>

Title: Need for promotion of water harvesting and recharge pit in Metropolitan cities of India.

श्री राजेन्द्र अग्रवाल : सर, बारिश के मौसम में थोड़ी सी भी बारिश हो जाने पर देश की विभिन्न नगर पालिकाओं, नगर निगमों और बड़े-बड़े महानगरों जैसे- नई दिल्ली, मुंबई, कोलकाता, चेन्नई इत्यादि में जगह-जगह पानी भर जाता है । आए दिन हम इस समस्या को देखते रहते हैं । पानी भरने के कारण न केवल जन-जीवन अस्त-व्यस्त होता है, बल्कि सड़कें खराब हो जाती हैं, तथा उनकी मरम्मत के लिए सरकार को अत्यधिक व्यय भी करना पड़ता है । वर्तमान में जल निकासी की व्यवस्था, जो देश के विभिन्न शहरों में है, वह आज की जरूरतों के हिसाब से पर्याप्त नहीं है । जल निकासी के लिए बिल्कुल नई अवसंरचना बनाना, घनी बसावटों के कारण कठिन भी है और अत्यंत व्यय-साध्य भी है । मेरा आपके माध्यम से सरकार से अनुरोध है कि नगरीय क्षेत्रों में आवश्यकतानुसार विभिन्न स्थानों पर रेन वॉटर हार्वेस्टिंग रीचार्ज पिट का निर्माण किया जाए । इसमें हमारे आईआईटी के जो वैज्ञानिक और एक्सपर्ट्स हैं, उनकी मदद ली जाए, क्योंकि मुझको ऐसा लगता है कि पानी की निकासी की व्यवस्था तो है और नई बसावटों में यह व्यवस्था ठीक भी हो रही है, परन्तु घनी आबादियों में पानी बेकार न जाए और पानी सड़कों को खराब न करे, अत: इस प्रकार की व्यवस्था की जाए । मेरा आपके माध्यम से सरकार से यह अनुरोध है । धन्यवाद ।

21.12 hrs (Shri Rajendra Agrawal *in the Chair*)